Live हिन्दुस्तान .com

कानपुर में पकड़ी गई नकली कीटनाशक दवा की फैक्टरी

हिन्दुस्तान संवाद,चौबेपुर (कानपुर)

Last updated: Thu, 03 Aug 2017 10:41 PM

चौबेपुर के तमशाहा गांव में कीटनाशक दवा के नकली कारखाने का भण्डाफोड़ हुआ। कारखाने में बड़ी मात्रा में दवा के रैपर, शीशी व होलो ग्राम बरामद किये गये। कृषि रक्षा अधिकारी व पायरेसी विभाग की टीम ने छापा मारा। मौके से एक युवक को भी पकड़ा गया। इस नकली दवा के कारोबार के पीछे किसी बड़े गैंग का हाथ माना जा रहा है।
धान की फसलों को कीटों से बचाने के लिये किसान चौबेपुर के बीज भण्डार से मीराकुलम व धाजाइन नाम की दवा लेकर डाल रहे थे। पर इस दवा से फसलों को कोई फायदा नहीं मिल रहा था। कई किसानों ने दवा की शीशी पर लिखी कम्पनी के पते पर शिकायत की। कम्पनी के विशेषज्ञ ने आकर देखा तो जांच में सामने आया कि दवा नकली है। इसकी जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों को दी गई। दवा बनाने वाली कम्पनी में चौबेपुर के आसपास के इलाकों में खुफिया टीम को संक्रिय किया तो चौबेपुर के तमशाहा गांव के पास नकली कीट नाशक दवा बनाने वाली कम्पनी का सुराग लगा। गुरुवार को कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार, कृषि विभाग इस्पेक्टर इन्द्रेश गौतम पायरेसी विभाग के राजेश सैनी ने चौबेपुर पुलिस के साथ मिल कर तमशाहा गांव में छापा मारा। कम्पनी बच्चन कंजड़ के घर के पर चल रही थी। पुलिस ने घेराबन्दी कर बच्चन को पकड़ लिया। मौके से बड़ी मात्रा में कीट नाशक दवा का पाउडर, रैपर, केमिकल, शीशी बरामद हुईं। पूछताछ में बच्चन ने सिर्फ इतना ही बताया कि एक आदमी उसे यह सामान पहुंचाता था। इसके बनने के बाद वह ले जाता था। पर छापा मारने वाली टीम इस काम के पीछे किसी बड़े गैंग का हाथ मान रही है। इसके लिये पुलिस छानबीन कर रही है। कृषि विभाग के इंस्पेक्टर इंद्रेश ने चौबेपुर थाने में मामला दर्ज कराया है।

चौबेपुर की बीज दुकानों में हुई छापेमारी

चौबेपुर में नकली कीटनाशक दवा का कारखाना पकड़े जाने के बाद कृषि विभाग की टीम ने बीज की दुकानों में छापेमारी की। छापा पड़ते ही कई बीज के दुकानदार तो दुकानों का शटर गिराकर भाग निकले। चौबेपुर के राधे बीज भण्डार, विश्वनाथ नाथ बीज भण्डार, बालाजी बीज भण्डार, सैनिक बीज ट्रेडर्स की दुकान में छापा मारा। इसमें सैनिक ट्रेडर्स की दुकान में धान में डालने वाली नकली दवा कुछ शीशी बरामद हुईं। छापा मारने वाली कृषि विभाग की टीम को शंका हुई कि इस दवा के साथ अन्य दवाये भी नकली हो सकती है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/kanpur/story-counterfeit-drug-factory-caught-in-kanpur-1228587.html